# कार्यालय अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, पातालदेवी अल्मोड़ा

पत्रांक................................/स्टोर/टैन्डर पत्रा0/ दिनांक..............................

## निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, इच्छुक निविदाकर्ताओं से अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, में एक वर्ष के लिये जालौनी लकड़ी आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| कम सं | कार्य विवरण | अनुमानित मात्रा प्रतिवर्ष | टैन्डर फार्म मूल्य + जी0एस0टी सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | जालौनी लकड़ी | 1500 कुन्तल | 750.00+135.00= 885रू0 |

निविदा फॉर्म निविदा सूचना प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 10.08.2026 को अपराहनः 12:00 बजे तक दुग्ध संघ कार्यालय/ कैशियर से टैन्डर फॉर्म प्राप्त किये जा सकते हैं। जिसे यू0सी0डी0एफ0लि0, मंगलपड़ाव हल्द्वानी नैनीताल की वैबसाइट www.ucdfaanchal.org से भी डाउनलोड किया जा सकता है। वैबसाइट से डाउनलोड किये गये निविदा पत्र के साथ निविदा फॉर्म की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो कि अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अल्मोड़ा के पक्ष में देय होगा। संलग्न करना अनिवार्य होगा निविदायें दिनांक 10.08.2026 के अपराह्न 01:00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी, जो उसी तिथि को अपराह्न 1:30 बजे निविदा कमेटी द्वारा खोली जायेगी। नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न हैं।

प्रधान प्रबन्धक
दुग्ध संघ अल्मोड़ा

प्रधान प्रबन्धक
दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0
अल्मोड़ा

# जालौनी लकड़ी आपूर्ती हेतु निविदा प्रपत्र

सेवा में,
प्रधान प्रबन्धक,
दुग्ध संघ अल्मोड़ा।

महोदय,

आपके द्वारा संस्था के बायलर प्लांट के लिये रनिंग रेट कान्टैक्ट पर जालौनी लकड़ी आपूर्ति हेतु आमंत्रित की गई निविदा के सन्दर्भ में जालौनी लकड़ी हेतु दरें दे रहा हूँ/रही हूँ। जालौनी लकड़ी आपको निर्धारित मानक 1 फिट लम्बी 1/2 फिट चौड़ी सागौन, लिप्टिस इत्यादि की सूखी लकड़ी निविदा प्रपत्र में दी गई शर्तो के अनुसार आपूर्ति करूंगा/करूंगी। यह दरें एफ.ओ.आर. अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अल्मोड़ा पर समस्त करों सहित होगी। जिसमें दुग्ध संघ में अनलोडिंग भी सम्मिलित है।

| कम | जालौनी लकड़ी का विवरण | प्रति कुन्तल दरें रूपये में (अंको में) | दरें प्रति कुन्तल रूपये में (शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| 01 | जालौनी लकड़ी | | |

मैंने/हमने जालौनी लकड़ी के गन्तव्य स्थान के बारे में जानकारी प्राप्त कर ली है तथा निविदा प्रपत्र में दी गई समस्त शर्तो का अध्ययन कर लिया हैं। मैं/हम इस दुग्ध संघ अल्मोड़ा के स्तर से निर्गत निविदा की शर्तों के अनुसार जमानत धनराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ.डी., कैश रसीद संख्या..............................दिनांक..............................के रूप में संलग्न कर रहा/रही हूँ। यदि आपके द्वारा दिये गये आदेश पर हमारे द्वारा जालौनी लकड़ी की आपूर्ति नहीं की जाती है तो ऐसी दशा में जमा की गई धरोहर धनराशि को दुग्ध संघ अल्मोड़ा द्वारा जब्त कर लिया जायेगा। मैं/हम इस बात से भी सहमत हैं कि प्रधान प्रबन्धक दुग्ध संघ अल्मोड़ा बिना कारण बताये निविदा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

निविदा दाता के हस्ताक्षर

नामः–..............................................................
पिता का नामः–................................................
पूरा पताः–.......................................................
.......................................................................
.......................................................................
दूरभाष संख्या..................................................
ई मेल..............................................................

# अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. अल्मोड़ा।

## जालौनी लकड़ी आपूर्ती हेतु निविदा के नियम एवं शर्ते

1. निविदा फार्म का मूल्य रू0 750.00+135.00= 885.00 (आठ सौ पिचयासी)रू0 मात्र है। जो कि दुग्ध संघ कैशियर से कय किया जा सकता हैं अथवा निविदा फार्म यू0सी0डी0एफ0लि0 हल्द्वानी की बेबसाइट www.ucdfaanchal.org से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं। डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के साथ रू0 750.00+135.00= 885.00 (आठ सौ पिचयासी)रू0 मात्र का बैंक ड्राफ्ट **अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अल्मोड़ा** के नाम पृथक से बतौर टेण्डर फार्म फीस संलग्न करना होगा।
2. निविदादाता द्वारा निविदाओं को शीलबन्द कर दिनांक 10.08.2026 की अपराह्न 1:00 बजे तक दुग्ध संघ, अल्मोडा के कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक/कोरियर अथवा कार्यालय में स्थित निविदा पेटी में डालना होगा। जिन्हे निविदादाताओं के समक्ष उसी दिन 1:30 बजे अपराहन से खोला जायेगा। निविदा लिफाफे के ऊपर जालौनी लकड़ी निविदा अवश्य अंकित करें। डाक यदि विलम्ब से प्राप्त होती है, तो देर से प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। जिस पर दुग्ध संघ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
3. कुल वार्षिक खपत के सापेक्ष समय–समय पर वास्तविक खपत के अनुसार कय की जायेगी। वार्षिक खपत अनुमानित 1500 कुन्तल होगी। जिसमें 10 प्रतिशत कमी अथवा वृद्धि सम्भव है।
4. निविदादाता निविदा फार्म के साथ रू0 15,000.00 (पन्द्रह हजार मात्र) की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/नगद जमा रसीद, जो **अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अल्मोड़ा** के नाम पर देय हो, बतौर अर्नेस्ट मनी भी संलग्न करना अनिवार्य होगी। निविदा स्वीकृति की दशा में अवशेष रू0 25,000.00 (पच्चीस हजार) मात्र बतौर जमानत दुग्ध संघ में जमा करनी होगी।
5. फर्म निविदा दरें एवं शर्तो की सहमति/स्वीकृति आदेश निर्गत होने के 01 वर्ष की अवधि तक जालौनी लकड़ी की आपूर्ति करने के लिए बाध्य होगी।
6. जालौनी लकड़ी निर्धारित मानक 1 फिट लम्बी 1/2 फिट चौड़ी सागौन, लिप्टिस इत्यादि की सूखी लकड़ी आपूर्ति करनी होगी। यदि खराब गुणवत्ता की जालौनी लकड़ी फर्म द्वारा आपूर्ति किया जाता है, तो तकनीकी स्टाफ की जॉच आख्या पर बिल की कटौति की जायेगी, जो कि आपूर्तिदाता फर्म को मान्य होगी।
7. जालौनी लकड़ी की आवश्यकतानुसार समय–समय पर कय आदेश निर्गत किये जायेगें। इसके समक्ष फर्म को 10 दिवस के अन्दर जालौनी लकड़ी की आपूर्ति करानी होंगी। उक्त दिवस के अन्दर आपूर्ति नहीं किये जाने की दशा में दुग्ध संघ, अल्मोड़ा अपने स्तर से जालौनी लकड़ी कय कर लेगा। उक्त में होने वाले अतिरिक्त अधिक व्यय की वसूली निविदादाता फर्म के जमानत/लम्बित बिलों से कर ली जायेगी।
8. सशर्त निविदाऐं स्वीकार्य नहीं होगी।
9. किसी भी प्रकार के विवादों का निस्तारण निबन्धक, डेरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड के आर्बिटेशन के अर्न्तगत स्वीकार होगा। वाद–विवाद होने की स्थिती में न्याय क्षेत्र जनपद अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड) होगा।
10. निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रधान प्रबन्धक, दुग्ध संघ अल्मोड़ा के पास रहेगा।
11. निविदा स्वीकृति के बाद रू0 100.00 (एक सौ) मात्र का नानजुडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध किया जायेगा। उक्त स्टाम्प पेपर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा तथा रू0 100.00 (एक सौ) मात्र की सदस्यता शुल्क के रूप में दुग्ध संघ में जमा कराना आवश्यक होगा।
12. निविदापत्र के साथ फर्म का जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, आयकर पैन नम्बर की छायाप्रति एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र जो कि आवश्यक हों संलग्न करना आनिर्वा होगा।

प्रधान प्रबन्धक,
दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0